व.व.अ.सं., जोरहाट में विश्व हिन्दी दिवस एवं हिन्दी वृत्तचित्र कार्यशाला का आयोजन

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के ब्रह्मपुत्र कक्ष में दिनांक 10 जनवरी, 2022 को राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए **विश्व हिन्दी दिवस** के उपलक्ष्य पर **'कार्यालयीन हिन्दी पत्राचार'** विषय पर हिन्दी वृत्तचित्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कनिष्ठ अनुवादक श्री शंकर शॉ ने उपस्थित सभी सहभागियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। संस्थान के प्रभारी-निदेशक डॉ. आर.के. बोरा, वैज्ञानिक-जी की गरिमामयी उपस्थिति प्रेरणादायी रही। उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्व हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा हिन्दी के वैश्विक महत्व को उजागर करने के साथ-साथ सभी से कार्यालयीन पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने का अनुरोध किया।

उनके संबोधन पश्चात, कार्यालयीन हिन्दी पत्राचार विषयक वृत्तचित्र कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से दर्शाया गया। लगभग एक घंटे की इस हिन्दी वृत्तचित्र कार्यशाला में कार्यालयीन हिन्दी पत्राचारों जैसे- अधिसूचना, परिपत्र, ज्ञापन, कार्यालय आदेश आदि के स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में, हिन्दीभाषी एवं हिन्दीतर या अन्य भाषा-भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारिवृंदों के लिए दिखाये गए हिन्दी वृत्तचित्र के आधार पर एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कार्मिकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। लिखित परीक्षा में पत्रों से संबंधित वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल किए गए थे। लिखित परीक्षा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

संपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन में विस्तार प्रभागाध्यक्ष श्री आर.के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यशाला का सफल समापन बड़ी संख्या में उपस्थित संस्थान के प्रभागाध्यक्षों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

विश्व हिन्दी दिवस
के उपलक्ष्य पर
कार्यालयीन हिन्दी पत्राचार पर वृत्तचित्र हिन्दी कार्यशाला
10 जनवरी, 2022
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
Azadi Ka Amrit Mahotsav
आज़ादी का अमृत महोत्सव
DIRECTOR

विश्व हिन्दी दिवस
के उपलक्ष्य पर
कार्यालयीन हिन्दी पत्राचार पर वृत्तचित्र हिन्दी कार्यशाला
10 जनवरी, 2022
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान

कार्यशाला में उपस्थिति संस्थान के वैज्ञानिक एवं अधिकारीगण

……………………..